एलिना ने डब्ल्यूटीए 1000 के सेमीफाइनल में बनाई जगह

03 सेट के मुकाबले में दर्ज की शानदार जीत

टोरंटो, 11 अगस्त. यूक्रेन की स्टार टेनिस खिलाड़ी एलिना स्वितोलिना ने शानदार वापसी करते हुए नेशनल बैंक ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली है.

स्वितोलिना ने क्वार्टरफाइनल मुकाबले में एकातेरिना एलेक्ज़ेंड्रोवा को तीन सेट तक चले मुकाबले में 3-6, 6-0, 6-3 से हराया. 1 घंटे 33 मिनट तक चले इस मुकाबले में स्वितोलिना को शुरुआत में एलेक्ज़ेंड्रोवा के आक्रामक खेल के सामने संघर्ष करना पड़ा, लेकिन दूसरे सेट से उन्होंने मैच पर पूरी तरह पकड़ बना ली. इस जीत के साथ स्वितोलिना ने डब्ल्यूटीए 1000 टूर्नामेंट में अपनी लगातार जीत का सिलसिला 10 मुकाबलों तक पहुंचा दिया है. एलेक्ज़ेंड्रोवा ने मुकाबले की शुरुआत बेहद आक्रामक अंदाज में की. उन्होंने अपनी सर्विस और बेसलाइन से लगाए गए दमदार शॉट्स के दम पर स्वितोलिना को दबाव में रखा और पहला सेट 6-3 से अपने नाम कर लिया. एलेक्ज़ेंड्रोवा का आत्मविश्वास उस समय और बढ़ गया था, जब उन्होंने पिछले दौर में

दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका को हराया था. हालांकि, स्वितोलिना ने पहले सेट के बाद अपनी रणनीति में बदलाव किया और मुकाबले की दिशा ही बदल दी. दूसरे सेट में स्वितोलिना ने एलेक्ज़ेंड्रोवा को कोई मौका नहीं दिया. उन्होंने लगातार आक्रामक बेसलाइन टेनिस खेलते हुए अगले 12 में से 11 गेम अपने नाम किए. दूसरे सेट में स्वितोलिना ने 6-0 की एकतरफा जीत दर्ज की. इसके बाद निर्णायक सेट में भी उन्होंने शुरुआत से दबाव बनाए रखा और 5-1 की मजबूत बढ़त हासिल कर ली. एलेक्ज़ेंड्रोवा ने हालांकि हार नहीं मानी और लगातार तीन गेम जीतकर स्कोर 5-3 कर दिया. इससे मुकाबले में थोड़ी देर के लिए रोमांच बढ़ गया, लेकिन स्वितोलिना ने संयम बनाए रखा और नौवें गेम में सर्विस ब्रेक करते हुए 6-3 से निर्णायक सेट जीत लिया. मैच के बाद स्वितोलिना ने कहा कि एलेक्ज़ेंड्रोवा ने शुरुआत में काफी अच्छा प्रदर्शन किया और उनकी सर्विस भी प्रभावी थी. स्वितोलिना के मुताबिक, उन्हें गेंद को बेहतर तरीके से देखने और अपने खेल पर अधिक ध्यान केंद्रित करने की जरूरत थी.

स्वियाटेक भी सेमीफ़ाइनल में

इगा स्वियाटेक का सीज़न वैसा नहीं रहा जैसा वह आदी है, लेकिन हाल ही में ऐसे संकेत मिले हैं कि वह फिर से अपना सबसे अच्छा टेनिस खेल रही है. सोमवार रात टोरंटो में एक और मौका मिला. नंबर 7 सीड ने टोरंटो क्वार्टरफाइनल में नंबर 15 सीड डायना श्नाइडर को हरा दिया- जो जेसिका पेगुला को हराकर आ रही थीं- और 64 मिनट तक चले मैच में 6-2, 6-1 के स्कोर में सिर्फ़ तीन गेम हारीं.स्वियाटेक ने कोर्ट पर अपने इंटरव्यू में कहा, 'मैं कोर्ट पर अच्छा महसूस कर रही हूँ. मुझे पता है कि मैंने कितनी प्रैक्टिस की और हमने प्रैक्टिस के दौरान क्या किया. इससे मुझे कॉन्फिडेंस मिल रहा है.

स्लिप की छोटी गलती पड़ सकती है भारी

तेज गेंदबाजों और स्पिनरों के खिलाफ सटीक पोजिशनिंग जरूरी

- टी. दिलीप ने बताया फील्डिंग का फॉर्मूला
- स्लिप में फील्डरों के बीच सही दूरी रखना अहम

नई दिल्ली, 11 अगस्त. श्रीलंका के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज से पहले भारतीय टीम अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटी है. 15 अगस्त से गॉल में शुरू होने वाले पहले टेस्ट से पहले टीम ने तीन दिवसीय अभ्यास मुकाबले में जीत दर्ज कर आत्मविश्वास हासिल किया है.

इस बीच भारतीय टीम के पूर्व फील्डिंग कोच टी. दिलीप ने स्लिप कॉर्डन की फील्डिंग को लेकर अहम सलाह दी है. उनका मानना है कि श्रीलंका की परिस्थितियों में स्लिप में फील्डरों की सटीक पोजिशनिंग बेहद महत्वपूर्ण होगी और छोटी-सी गलती भी भारत पर भारी पड़ सकती है. खासतौर पर तेज गेंदबाजों और स्पिनरों के खिलाफ फील्डरों के बीच दूरी गेंद की गति और टर्न के अनुसार तय करनी होगी. भारतीय टीम के साथ करीब पांच साल तक काम कर चुके दिलीप के मुताबिक स्लिप में कैचिंग केवल रिफ्लेक्स का खेल नहीं है. इसमें विकेटकीपर और स्लिप फील्डरों के बीच सही दूरी के साथ बल्लेबाज के मुकाबले प्रत्येक फील्डर की स्थिति भी महत्वपूर्ण होती है.

> दिलीप ने तेज गेंदबाजों के खिलाफ स्लिप फील्डिंग की चुनौती को समझाते हुए कहा कि ऐसी गेंदों पर फील्डर के पास प्रतिक्रिया देने के लिए बहुत कम समय होता है. गेंद तेजी से स्लिप क्षेत्र में पहुंचती है. ऐसे में यदि फील्डरों के बीच गैप अधिक हो तो किनारा लेकर आई गेंद तक पहुंचना मुश्किल हो सकता है. इसलिए विकेटकीपर और स्लिप फील्डरों के बीच दूरी इतनी सटीक होनी चाहिए कि गेंद उनकी पहुंच के भीतर रहे.

पॉडेल की जगह लैमिछाने दोबारा बने नेपाल के वनडे कप्तान

काठमांडू, 11 अगस्त लेग स्पिनर संदीप लैमिछाने ने एसीसी पुरुष प्रीमियर कप से पहले बतौर वनडे कप्तान रोहित पॉडेल की जगह ली है. 30 अगस्त से 12 सितंबर तक मलेशिया में आयोजित होने वाले टूर्नामेंट के लिए क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ़ नेपाल ने 14 सदस्यीय दल की घोषणा की है.

यह नेपाल के कप्तान के तौर पर लैमिछाने का दूसरा कार्यकाल होगा. इससे पहले वह 2022 में 14 वनडे और 18 टी 20 में नेपाल की कप्तानी कर चुके हैं. नेपाल की कप्तानी में बदलाव आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप लीग 2 में नेपाल की लगातार चार हार के बाद किया गया है. आठ टीमों वाली इस प्रतिस्पर्धा में नेपाल की टीम सातवें स्थान पर रही.चार साल पहले लैमिछाने की कप्तानी में नेपाल ने 14 वनडे में से मात्र तीन मुक़ाबले जीते थे. 2022 में लैमिछाने के ख़िलाफ़ वारंट जारी होने के बाद उन्हें नेपाल ने निलंबित कर दिया था.

अफगानिस्तान विश्व कप 2027 के लिए क्वालीफाई

तीसरे वनडे में दर्ज की शानदार जीत

विश्व कप 2027 के लिए अब तक 10 टीमें तय

नई दिल्ली, 11 अगस्त. अफगानिस्तान ने आयरलैंड को पांच मैचों की वनडे सीरीज के तीसरे मुकाबले में तीन विकेट से हराकर वनडे विश्व कप 2027 के लिए अपनी जगह पक्की कर ली है.

इस जीत के साथ अफगानिस्तान ने सीधे विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया और दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे तथा नामीबिया की मेजबानी में होने वाले क्रिकेट के इस बड़े टूर्नामेंट का हिस्सा बनने का अधिकार हासिल कर लिया. अफगानिस्तान के लिए यह लगातार दूसरा वनडे विश्व कप होगा. टीम ने 2023 विश्व कप में भी हिस्सा लिया था और अपने प्रदर्शन से कई मजबूत टीमों को चौंकाया था.आयरलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे में अफगानिस्तान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लक्ष्य हासिल कर तीन विकेट से मुकाबला अपने नाम किया.

पांच मैचों की सीरीज में इस जीत ने अफगानिस्तान को विश्व कप में सीधे प्रवेश दिलाने के लिए जरूरी स्थिति में पहुंचा दिया. टीम ने पिछले कुछ वर्षों में वनडे क्रिकेट में लगातार सुधार किया है और विश्व की मजबूत टीमों के खिलाफ प्रतिस्पर्धी प्रदर्शन किया है. विश्व कप 2027 में भी अफगानिस्तान से एक बार फिर मजबूत चुनौती पेश करने की उम्मीद की जा रही है.

> 2023 में भारत की मेजबानी में खेले गए वनडे विश्व कप में अफगानिस्तान ने अपने प्रदर्शन से क्रिकेट जगत का ध्यान खींचा था. टीम ने श्रीलंका, इंग्लैंड और पाकिस्तान जैसी पूर्व विश्व चैंपियन टीमों को हराकर अपनी क्षमता साबित की थी. अफगानिस्तान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के बेहद करीब पहुंच गया था, लेकिन ग्लेन मैक्सवेल की अविश्वसनीय पारी ने मुकाबले का रुख पलट दिया था.

एक नजर में

सौरव गांगुली को जान से मारने की धमकी

कोलकाता. भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली को जान से मारने की धमकी मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है. धमकी भरे पत्र में गांगुली के साथ उनकी पत्नी डोना गांगुली और स्टाफ को भी निशाना बनाने की बात कही गई है. गांगुली परिवार की ओर से कोलकाता के ठाकुरपुकुर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है. पुलिस के मुताबिक, बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) के कार्यालय में सोमवार को कूरियर के जरिए एक पैकेट पहुंचा था, जिसमें अंग्रेजी में लिखे दो पत्र मिले. पत्रों में कथित तौर पर बेहद आपत्तिजनक और हिंसक भाषा का इस्तेमाल किया गया है. पुलिस के अनुसार, गांगुली परिवार को पिछले करीब छह महीने से इस तरह के पत्र लगातार मिल रहे थे. शुरुआती दौर में परिवार ने इन्हें किसी सिरफिरे प्रशंसक या निजी नाराजगी रखने वाले व्यक्ति की हरकत समझकर गंभीरता से नहीं लिया था.

अनुज ने पुरानी दिल्ली 6 को दिलाई जीत

नयी दिल्ली. अनुज रावत और आर्यन गौर की शानदार पारियों की बदौलत पुरानी दिल्ली 6 ने दिल्ली प्रीमियर लीग 2026 में आउटर दिल्ली वॉरियर्स पर सात विकेट से आसान जीत दर्ज की.पहले बैटिंग करते हुए, आउटर दिल्ली वॉरियर्स ने शानदार शुरुआत की और प्रियांश आर्य ने बॉलर्स पर अटैक किया. बाएं हाथ के ओपनर ने 19 गेंदों पर चार छक्के और चार चौके लगाकर तेजी से 46 रन बनाए. हालांकि, पांचवें ओवर में आर्य के आउट होने से स्कोरिंग रेट धीमा हो गया. वॉरियर्स जल्द ही नौवें ओवर में 95/5 पर मुश्किल में पड़ गए. इसके बाद अक्षय सैनी और शिवम शर्मा ने पारी को फिर से संभाला. दोनों ने छठे विकेट के लिए 55 रन जोड़े, जिससे वॉरियर्स को एक मजबूत टोटल बनाने की कुछ उम्मीद जगी.

पिछले चार साल बहुत कठिन थे : मीराबाई चानू

नयी दिल्ली. राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता मीराबाई चानू ने भारत के राष्ट्रमंडल खेलों 2026 के पदक विजेताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बातचीत के दौरान ग्लासगो में अपनी जीत की कठिन राह के बारे में बात की, जिसमें बताया गया कि कैसे चोटों, पारिवारिक समस्याओं और पेरिस ओलंपिक में पदक चूकने की निराशा ने जीत को विशेष रूप से भावनात्मक बना दिया. चानू ने ग्लासगो में महिलाओं के 48 किग्रा भारोत्तोलन वर्ग में स्वर्ण पदक जीता और कहा कि जिस क्षण उन्होंने भारतीय ध्वज को लहराते हुए देखा और राष्ट्रगान सुना, उन्हें पिछले चार वर्षों में सामना की गई चुनौतियों की यादें ताजा हो गईं. पीएम मोदी ने टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता चानू से बातचीत के दौरान उनके प्रदर्शन के पीछे की भावनाओं को स्वीकार किया और कहा कि उनके आंसू उपलब्धि के महत्व को दर्शाते हैं.

यूपी टी-20 उद्घाटन : शंकर-जैस्मिन का जलवा

लखनऊ. मशहूर संगीतकार एवं गायक शंकर महादेवन और लोकप्रिय पंजाबी गायिका जैस्मिन सैंडलास यूपी टी20 लीग के चौथे सत्र के भव्य उद्घाटन समारोह में मुख्य आकर्षण होंगे. लीग का उद्घाटन मुकाबला 14 अगस्त को लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा. 24 दिन तक चलने वाली इस क्रिकेट प्रतियोगिता की शुरुआत संगीत, मनोरंजन और क्रिकेट के रोमांच के संगम के साथ होगी. शंकर महादेवन और जैस्मिन सैंडलास अपने लोकप्रिय गीतों और दमदार मंचीय प्रस्तुतियों से उद्घाटन समारोह में दर्शकों का मनोरंजन करेंगे. यूपी टी20 लीग के अध्यक्ष डॉ. संजय कपूर ने कहा कि लीग का उद्देश्य हमेशा उच्च स्तरीय क्रिकेट के साथ दर्शकों को विश्वस्तरीय मनोरंजन उपलब्ध कराना रहा है. उद्घाटन समारोह में शंकर महादेवन और जैस्मिन सैंडलास जैसे लोकप्रिय कलाकारों की प्रस्तुति से समारोह और भी खास होगा.

दलीप ट्रॉफी के लिए वैभव की जोरदार तैयारी

ईस्ट जोन के उपकप्तान की नई जिम्मेदारी

नई दिल्ली, 11 अगस्त. भारतीय क्रिकेट के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी अब दलीप ट्रॉफी 2026-27 की चुनौती के लिए पूरी तरह तैयार होने में जुट गए हैं. महज 15 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कदम रखने वाले वैभव को आगामी दलीप ट्रॉफी के लिए ईस्ट जोन टीम का उपकप्तान बनाया गया है.

वह टूर्नामेंट में अपनी बल्लेबाजी से प्रभाव छोड़ने के साथ-साथ रेड बॉल क्रिकेट में अपने प्रदर्शन को बेहतर करने की कोशिश करेंगे. इसी लक्ष्य के साथ युवा बल्लेबाज ने नेट्स में अपनी तैयारी तेज कर दी है और फिलहाल उनका खास ध्यान गेंद को डिफेंस करने की तकनीक मजबूत करने पर है. वैभव ने सोशल मीडिया पर

तीन पारियों में वैभव ने बनाए 151 रन

15 वर्षीय वैभव ने हाल ही में इंग्लैंड दौरे पर भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था. हालांकि, उस दौरे पर उनका प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा. इसके बाद जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में उन्होंने शानदार वापसी की और अपनी बल्लेबाजी से सभी का ध्यान खींचा. तीन पारियों में वैभव ने 151 रन बनाए और सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे. उनका बल्लेबाजी औसत 50.33 और स्ट्राइक रेट 196.10 रहा. इस दौरान उन्होंने एक मुकाबले में 81 रन की शानदार पारी खेली.

अपनी नेट प्रैक्टिस का एक वीडियो साझा किया है. इसमें वह बल्लेबाजी करते हुए दिखाई दे रहे हैं और गेंद को सावधानी से डिफेंस करने पर विशेष ध्यान दे रहे हैं. इसके साथ ही उन्होंने आक्रामक शॉट्स का भी अभ्यास किया. वीडियो के साथ उन्होंने 'प्रिपरेशन' यानी तैयारी का संदेश लिखा. वैभव के अभ्यास से साफ है कि वह सफेद गेंद के क्रिकेट के बाद अब लाल गेंद के लंबे प्रारूप की जरूरतों के अनुसार अपने खेल में बदलाव करना चाहते हैं.

वेस्टइंडीज़ तीसरी बार खेलेगी क्वालिफ़ायर

नयी दिल्ली, 11 अगस्त दो बार के वनडे वर्ल्ड कप चैंपियन वेस्टइंडीज़ को 2027 में होने वाले क्रिकेट वर्ल्ड कप में जगह बनाने के लिए एक बार फिर क्वालिफ़ाइंग टूर्नामेंट का रास्ता अपनाना होगा.

30 सितंबर 2026 को जारी आईसीसी वनडे रैंकिंग में शीर्ष आठ स्थान पर रहने वाली टीमें सीधे 2027 वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफ़ाई करेंगी. हालांकि, मेजबान देशों में शामिल दक्षिण अफ़्रीका और ज़िम्बाब्वे के लिए रैंकिंग ज़रूरी नहीं. आयरलैंड के ख़िलाफ़ बेलफ़ास्ट में रोमांचक जीत दर्ज करने के बाद अफ़ग़ानिस्तान ने भी टॉप आठ में अपनी जगह पक्की कर ली है. उसके साथ मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, भारत, न्यूज़ीलैंड, पाकिस्तान, श्रीलंका, इंग्लैंड, बांग्लादेश, दक्षिण अफ़्रीका और ज़िम्बाब्वे भी 2027 वर्ल्ड कप में जगह बना चुके हैं.

> वहीं, आईसीसी वनडे रैंकिंग में 10वें स्थान पर मौजूद वेस्टइंडीज़ के पास कटऑफ तारीख़ से पहले भारत के ख़िलाफ़ दो वनडे मैच खेलने हैं. लेकिन इन दोनों मैचों में जीत हासिल करने के बावजूद वेस्टइंडीज़ शीर्ष आठ में वापसी नहीं कर पाएगा. इसका मतलब साफ़ है कि वेस्टइंडीज़ को एक बार फिर क्वालिफ़ायर टूर्नामेंट की कठिन राह से गुज़रना होगा. यह क्वालिफ़ायर अगले साल फ़रवरी में आयोजित किया जाना है और यहीं से वेस्टइंडीज़ के पास 2027 वर्ल्ड कप का टिकट हासिल करने का एक और मौक़ा होगा.

कोलंबिया में भूकंप : लिबरेटर्स के मैच स्थगित

बोगोटा. साउथ अमेरिकन फुटबॉल कन्फेडरेशन ने सोमवार को देश में आए ज़ोरदार भूकंप के बाद कोलंबिया में होने वाले दो कोपा लिबर्टाडोरेस मैचों को स्थगित करने की घोषणा की. देश के पश्चिमी हिस्से के कई शहरों में 7.4 मैग्नीट्यूड के भूकंप से इमारतें गिरने से कम से कम 100 लोग मारे गए और दर्जनों घायल हो गए. इस हफ़्ते होने वाले सस्पेंड किए गए राउंड ऑफ़ 16 मैचों में डेपोर्टेस टोलिमा बनाम इंडिपेंडेंट ऑफ़ द वैली और इंडिपेंडेंट सांता फ़े बनाम रिवर प्लेट शामिल हैं. इसने कहा, 'इस मुश्किल समय में, कॉनमेबोल पूरे कोलंबिया और खासकर महान कोलंबियाई फ़ुटबॉल परिवार को अपना प्यार और सपोर्ट भेजता है.'

11 साल की बोधना ने रचा इतिहास

बनीं ब्रिटेन की सबसे युवा महिला शतरंज चैंपियन

लंदन, 11 अगस्त. भारतीय मूल की 11 वर्षीय शतरंज प्रतिभा बोधना शिवानंदन ने ब्रिटिश शतरंज में इतिहास रच दिया है. बोधना ने 2026 ब्रिटिश चेस चैंपियनशिप में महिला वर्ग का खिताब जीतकर ब्रिटेन की सबसे युवा महिला शतरंज चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया.

कोवेंट्री में संपन्न हुई इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में बोधना ने आयरलैंड की 14 वर्षीय ट्रिशा कन्यामाराला को रोमांचक रैपिड चेस प्लेऑफ में हराकर खिताब अपने नाम किया. उनकी इस उपलब्धि ने कम उम्र में ही शतरंज

की दुनिया में उनकी असाधारण प्रतिभा को साबित कर दिया है.बोधना की जीत से प्रभावित इंग्लिश चेस फेडरेशन के लिए कमेंट्री कर रहे ग्रैंडमास्टर डैनी गोरमली ने उनकी जमकर तारीफ की. उन्होंने बोधना को एक पीढ़ी में एक बार मिलने वाली प्रतिभा बताया. बोधना की रणनीति, धैर्य और दबाव में बेहतर प्रदर्शन करने की क्षमता ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है.

बोधना का शतरंज सफर कोविड-19 महामारी के दौरान लगे लॉकडाउन से शुरू हुआ था. उनके पिता के एक दोस्त भारत से लौटते समय कुछ सामान लेकर आए थे, जिसमें शतरंज की बिसात भी शामिल थी. बोधना को मोहरों में रुचि पैदा हुई और उन्होंने धीरे-धीरे इस खेल को सीखना शुरू किया.

हॉकी

हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में उतरेगा भारत

4 दिन बाकी, विश्व कप की चुनौती के लिए तैयार भारत

51 साल का खिताबी सूखा खत्म करने पर नजर

नई दिल्ली, 11 अगस्त. एफआईएच हॉकी विश्व कप बेल्जियम और नीदरलैंड्स 2026 के आगाज में अब सिर्फ चार दिन बाकी हैं और भारतीय पुरुष हॉकी टीम बड़े मंच पर अपनी चुनौती पेश करने के लिए पूरी तरह तैयार है.

15 से 30 अगस्त तक होने वाले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में 20 सदस्यीय भारतीय टीम कप्तान और

स्टार ड्रैग-फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह के नेतृत्व में मैदान पर उतरेगी. टीम में अनुभवी खिलाड़ियों के साथ कई होनहार युवा प्रतिभाओं को शामिल किया गया है, जिससे भारतीय टीम का संयोजन काफी संतुलित नजर आ रहा है. भारत की नजर इस बार मजबूत प्रदर्शन के साथ विश्व कप का खिताब जीतने पर होगी. टीम 51 साल से चले आ रहे विश्व कप खिताब के इंतजार को खत्म करने के इरादे से मैदान में उतरेगी. भारतीय टीम को टूर्नामेंट के पूल डी में इंग्लैंड, पाकिस्तान और वेल्स के साथ रखा गया है. भारत अपने विश्व कप अभियान की शुरुआत 15 अगस्त को वेल्स के खिलाफ करेगा. इसके बाद 17 अगस्त को इंग्लैंड के खिलाफ उसका महत्वपूर्ण मुकाबला होगा. पूल चरण का सबसे बहुप्रतीक्षित मुकाबला 19 अगस्त को खेला जाएगा, जब भारतीय टीम चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के सामने होगी. भारत के तीनों पूल मुकाबले नीदरलैंड्स में खेले जाएंगे.

भारत की पूरी टीम :

गोलकीपर : मोहित एचएस, सूरज करकेरा।
डिफेंडर : जरमनप्रीत सिंह, हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, संजय, सुमित, यशदीप सिवाच।
मिडफील्डर : राजिंदर सिंह, आदित्य अर्जुन लालागे, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, नीलकांत शर्मा, विवेक सागर प्रसाद।
फॉरवर्ड : दिलप्रीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा, सुखजीत सिंह, मंदीप सिंह, अभिषेक।